>

Title: Regarding opening of various railway crossings in Churu Parliamentary Constituency of Rajasthan.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में लोहारू, चुरु खंड पर गोगुरवा कृतान गांव है, सिरसिला हॉल स्टेशन है, कांदरान गांव है । ये वे गांव है जो प्रधान मंत्री ग्रामीण योजना से जुड़ तो गए लेकिन रेलवे लाइन बीच में आने के कारण आरओबी की व्यवस्था नहीं की गई । लोगों सालों से रेल लाइन क्रॉस करते आ रहे है । अभी हाल ही में रेलवे कर्मचारियों ने रास्ता बंद कर दिया । कई गांवों के रास्ते कट चुके हैं, इस कारण किसान अपने खेतों तक नहीं पहुंच पाते हैं ।

मेरा निवेदन है कि जब तक आरओबी की व्यवस्था न हो, रेलवे विभाग टेम्परेरी व्यवस्था करे, किसी गार्ड को खड़ा करे ताकि किसानों और गांव वालों को आने-जाने में कोई दुविधा न हो । आरओबी प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का एक हिस्सा होना चाहिए, इसमें एक परमानेंट सॉल्युशन दिया जाना चाहिए ताकि गांव में कनैक्टिविटी बनी रहे । हो । मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि आज ही रेल मंत्रालय को निर्देशित किया जाए कि आरओबी के लिए जब तक टेम्परेरी व्यवस्था न हो, इन गांवों में, सिरसिला, कांदरान आदि में गार्ड की व्यवस्था की जाए ।

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या उठाने का मौका दिया । मैंने एजर्नमेंट मोशन दिया था, उत्तर-पूर्वी राज्यों में जो हालत है ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** यह विषय हो गया है ।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** माननीय अध्यक्ष जी, मुझे बोलने दीजिए । …(व्यवधान) असम और त्रिपुरा जल रहा है । …(व्यवधान) असम में दस डिस्ट्रिक्ट्स में कर्फ्यू है । …(व्यवधान) त्रिपुरा में आर्मी डिप्लाएड है ।…(व्यवधान) सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल से ये चीज हुई है ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि ।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** आप गृह मंत्री जी से कहिए कि हाउस में आकर बयान दें । …(व्यवधान) असम जल रहा है ।…(व्यवधान) जापान के प्राइम मिनिस्टर गुवाहाटी कैसे जाएंगे ।…(व्यवधान) सिटिजन अमेंडमेंट बिल, 2019 का यह रिएक्शन हुआ है, जो बहुत ही खराब है ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि ।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** हम बंगाल के लोग हैं, हम चिंतित हैं ।…(व्यवधान) वहां जो हालत है, हम इस पर होम मिनिस्टर की टिप्पणी चाहते हैं, उनका कमेंट चाहते हैं ।…(व्यवधान) हम प्रोटेस्ट करते हैं ।…(व्यवधान)

**<u>12.27 hrs</u>**

(*At this stage Shri Sudip Bandyopadhyay, Prof. Saugata Ray and some other hon. Members left the House.)*

**SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI (THOOTHUKKUDI):** Sir, I cannot speak over his voice. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** श्री अजय निषाद ।

…(व्यवधान)